प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 08.06. 2025 समय : 09:00 ए.एम.

000000

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार के कार्यकाल के 11 वर्ष– बतौर प्रधानमंत्री श्री मोदी के तीसरे कार्यकाल की पहली वर्षगांठ कल।
- राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने सहकारिता क्षेत्र में रोजगार की संभावनाओं को देखते हुए इस क्षेत्र के विस्तार पर जोर दिया।
- पशुपाल मंत्री जोराराम कुमावत ने किसानों से सरकार की गौसंरक्षण और पशुधन कल्याण की योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया है।
- प्रदेश में एक बार फिर भीषण गर्मी का दौर शुरू–पश्चिमी राजस्थान में कई स्थानों पर हीटवेव दर्ज।

000000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार के कार्यकाल के 11 वर्ष पूरे हो रहे है। बतौर प्रधानमंत्री श्री मोदी के तीसरे कार्यकाल की कल पहली वर्षगांठ है। इस दौरान देश ने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है। मोदी सरकार ने हमेशा महिलाओं के विकास को केन्द्र में रखते हुए महिला नेतृत्व को बढावा दिया है। ग्रामीण भारत में स्वच्छता और नारी सशक्तिकरण को बढावा देते हुए महिलाओं के स्वास्थ्य सुरक्षा और सम्मान को प्राथमिकता मिली है। इन प्रयासों से महिलाएं अब विकास की भागीदार नहीं बल्कि नेतृत्वकर्ता बन चुकी है। पिछले एक दशक में दस करोड़ से अधिक महिलाओं को धुआं मुक्त रसोई की सौगात मिली है। लखपति दीदी योजना के माध्यम से तीन करोड़ से अधिक महिलाओं का जीवन बदल रहा है। वहीं चार करोड़ से अधिक महिलाओं के सुकन्या समृद्धि खाते खोले जा रहे है।

0000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा है कि प्रदेश में सहकारिता से लाखों लोगों को रोजगार मिल रहा है, राज्य में सहकारिता क्षेत्र को और बढ़ाना होगा। श्री बागडे कल चित्तौड़गढ़ में अर्बन कोऑपरेटिव बैंक की स्थापना के रजत जयंती वर्ष के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने सरकारी क्षेत्र को और बढ़ाने पर जोर देते हुए कहा कि दुग्ध डेयरी में अपार संभावनाएं हैं। पशुपालकों को मार्केटिंग की जगह उपलब्ध करानी होगी। इसमें प्रशासन और सरकार सहयोग करें। उन्होंने कहा कि काश्तकारों की अच्छी फसल के लिये पर्याप्त पानी जरूरी है, इसे देखते हुए गांव का पानी गांव में ही रोका जाना चाहिए। इससे पहले राज्यपाल ने चित्तौड़गढ़ अर्बन कोऑपरेटिव बैंक के प्रधान कार्यालय भवन का शिलान्यास किया।

0000

प्रदेश में कृषि विभाग की ओर से नकली और मिलावटी खाद बीज के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। कृषि मंत्री किरोडी लाल मीणा की अगवाई में हाल ही में की गई कार्रवाई के बाद विभाग ने ये अभियान शुरू किया है। हमारे दौसा संवाददाता ने बताया कि अभियान के तहत कल जिले के सिकराय क्षेत्र में छापेमारी की गई।

-----

0000

राज्य में चल रहे वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत जन सहभागिता के साथ विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। जल संरक्षण और स्वच्छता के लिए श्रम दान और सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त समाज के निर्माण के लिए जागरूकता कार्यक्रम भी किये जा रहे है। इसी कडी में कल झालावाड में जन जाग्रति कार्यक्रम हुआ। जिला कलेक्टर अजय सिंह राठौड के नेतृत्व में गौशालाओं, धार्मिक स्थलों और कृषि उपज मंडियों में सफाई की गई। हनुमानगढ़ के संगरिया में कल गौशाला परिसर में श्रमदान किया गया। करौली में नेहरू युवा केन्द्र और स्वयं सेवी संस्थाओं के सहयोग से वंदे गंगा प्रभात फैरी निकाली गई। उधर अजमेर में आम लोगों को जल संरक्षण वर्षा जल संचयन और पारम्परिक जल स्त्रोतों के पुनर्जीवन और

पौधरोपण कार्यो के लिए प्रेरित किया गया। हमारी संवाददाता ने बताया कि इस दौरान सराधना ग्राम पंचायत में हुए हरित परिवर्तन की भी जानकारी दी गई।

----

पाली में जिले के गुंदोज में जल ग्रहण विकास और भू संरक्षण विभाग की ओर से क्षेत्र में हरियाली को बढावा दिया जा रहा है। वहीं स्वर्ण नगरी जैसलमेर में सर्किट हाउस में श्रमदान कार्यक्रम रखा गया। इस दौरान गौशालाओं और बावडियों की सफाई की गई।

0000

000000

पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने किसानों से सरकार की गौसंरक्षण और पशुधन कल्याण की योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया है। श्री कुमावत कल जोधपुर में पशुपालकों को बीमा पॉलिसी वितरण समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य में गायों के संरक्षण के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं शुरू की गई है। इसके साथ ही उन्नत नस्ल और दूध बढोतरी के लिए भी अभिनव प्रयास किये जा रहे है। उन्होंने किसानों को गौपालन और पशुपालन विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। श्री कुमावत ने पशुपालको को मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के तहत पशुओं का बीमा करवाने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि इस बीमा के लिए जल्द ही पशुपालन विभाग ऑनलाईन आवेदन की सुविधा देगा।

000

वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने कल अलवर में मोटे अनाजों के आऊटलेट का उद्घाटन किया। इसकी शुरूआत सहकारी उपभोक्ता भंडार के **उपहार सुपर मार्ट** और श्री अन्न योजना के तहत की गई है। इस अवसर पर श्री शर्मा ने कहा कि मिलेट सदियों से राजस्थान की खाद्य संस्कृति का अभिन्न अंग रहा है। इनमें भरपूर पोषक तत्व होने के कारण ये स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक हैं। उन्होंने कहा कि हर जिले के प्रमुख स्थानों को चिन्हित कर मिलेट्स उत्पाद विक्रय केंद्र खोले जाने का निर्णय लिया गया है। इससे श्री अन्न के उत्पाद आमजन को आसानी से उपलब्ध हो सकेंगे। साथ ही मोटे अनाजों का प्रचलन बढेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार श्रीअन्न प्रसंस्करण और ब्रांडिंग को बढ़ावा देने तथा सहकारी संस्थाओं और स्वयं सहायता समूहों की भागीदारी बढ़ाकर रोजगार के अवसर बढाने के लिए भी लगातार प्रयास कर रही है।

0000

कोटा में लालसोट मेगाहाईवे पर लालपुरा के पास हुए सडक हादसे में तीन लोगों की मृत्यु हो गई और चार व्यक्ति घायल हो गए। दुर्घटना कार और मोटरसाईकिल की टक्कर से हुई। उधर भरतपुर में एक कार सवार चिकित्सक की जिंदा जलने से मृत्यु हो गई। वैर–भुसावर सडक मार्ग पर कल शाम एक कार बेकाबू होकर दीवार से टकरा गई। इसके बाद कार में लगी आग से भुसावर के सरकारी अस्पताल में कार्यरत चिकित्सक की जलकर मौत हो गई।

0000

राज्य में एक बार फिर तेज गर्मी का दौर शुरू हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार बीते 24 घंटों में पश्चिमी राजस्थान में कहीं–कहीं हीटवेव दर्ज की गई। सबसे ज्यादा तापमान 45 दशमलव 3 डिग्री सैल्सियस जैसलमेर में मापा गया। बीकानेर में 45 दशमलव 2 डिग्री सैल्सियस अधिकतम तापमान रिकॉर्ड हुआ। वहीं कोटा, चित्तौडगढ, बाडमेर, फलौदी, चूरू, श्रीगंगानगर में लू के हालात रहे। जैसलमेर से हमारे संवाददाता ने बताया कि झुलसाने वाली गर्मी से लोग परेशान है। वहीं सैलानियों की आवक भी थम सी गई है।

-----

बाडमेर में भी चिलचिलाती धूप के कारण जनजीवन पर व्यापक असर देखने को मिल रहा है। चूरू में दिन के साथ ही रात में भी तेज गर्मी का अहसास हो रहा है। हनुमानगढ़ में भी लू के थपेडों से जनजीवन अस्तव्यस्त है और पशु पक्षी भी व्याकुल नजर आ रहे है। मौसम विभाग ने राज्य के अधिकांश भागों में एक सप्ताह तक मौसम शुष्क रहने और तापमान में दो से चार डिग्री बढोतरी होने की संभावना जताई है। वहीं पश्चिमी राजस्थान और शेखावाटी क्षेत्र में हीटवेव का असर बने रहने के आसार है। इस दौरान धूलभरी आंधियां भी चल सकती है।

0000